**NEWS CLIPPING: 27.06.2021**

**PUNJAB KESARI**

## जेसी बोस विश्वविद्यालय में एचआर कॉन्क्लेव का आयोजन

# बदलते औद्योगिक वातावरण के अनुरूप खुद को तैयार करें विद्यार्थी: प्रो. दिनेश कुमार

फरीदाबाद, 26 जून (पूजा शर्मा): जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा विद्यार्थियों को रोजगार के लिए जरूरी कौशल एवं अनुभवों से परिचित करवाने के उद्देश्य से एक दिवसीय एचआर कॉन्क्लेव-2021 का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने सम्मेलन का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष प्रो. राज कुमार भी उपस्थित थे। सत्र का समन्वयन प्रो. वासुदेव मल्होत्रा ने किया।

सत्र को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों को महामारी के कारण बदलते औद्योगिक वातावरण तथा नई तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने छात्रों की रोजगार क्षमता में सुधार के लिए ऐसे आयोजनों के महत्व पर भी प्रकाश डाला और मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा की गई पहल की सराहना की। इससे पूर्व विभाग के अध्यक्ष प्रो. राज कुमार ने अतिथि एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। कॉन्क्लेव को सीमेंस हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड की एचआर मैनेजर पूजा कोचर ने संबोधित किया। उन्होंने बताया कि कैसे कॉरपोरेट लाइफ कैंपस लाइफ से अलग है। इसके अलावा राहुल जैन, आईसीएफ-एसोसिएट सर्टिफाइड कोच ने आधुनिक युग में बेहतर इंटर्नशिप और प्लेसमेंट के अवसर खोजने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की उपयोगिता के बारे में विस्तृत चर्चा की तथा जानकारी दी कि सोशल नेटवर्किंग साइट का कैसे उपयोगी साधन बनाया जा सकता है।

## परीक्षा सुधारों को लेकर हुई चर्चा

जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद की परीक्षा शाखा द्वारा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के सहयोग से परीक्षा प्रणाली में गुणात्मक सुधारों को लेकर शिक्षकों तथा कर्मचारियों के लिए दो दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में 120 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

कार्यशाला का उद्घाटन कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग और परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजीव कुमार भी इस अवसर पर उपस्थित थे। कार्यशाला का संचालन सहायक कुलसचिव सचिन गुप्ता और सहायक प्रोफेसर डॉ प्रीति सेठी द्वारा किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि परीक्षा के माध्यम से मूल्यांकन, ग्रेडिंग और प्रमाणन प्रणाली छात्रों को सीखने के पथ पर आगे बढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्रौद्योगिकीय उन्नति और औद्योगिक जरूरतों के साथ आगे बढ़ने के लिए देश की उच्च शिक्षण संस्थाओं द्वारा इंजीनियरिंग सहित विभिन्न विषयों के लिए कई सुधारों का सुझाव दिया गया है, जिसका उद्देश्य रोजगार अनुपात को बढ़ाने के साथ-साथ छात्रों को अभिनव, समस्या-समाधानकर्ता और उद्यमशील बनने में सक्षम बनाना है। उन्होंने संकाय सदस्यों से इन सुधारों के कार्यान्वयन के लिए अपना योगदान सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 27.06.2021**

## THE PIONEER

# जेसी बोस में एचआर कॉन्क्लेव का आयोजन

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा विद्यार्थियों को रोजगार के लिए जरूरी कौशल एवं अनुभवों से परिचित करवाने के उद्देश्य से एक दिवसीय एचआर कॉन्क्लेव-2021 का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष प्रो. राज कुमार भी उपस्थित थे। सत्र का समन्वयन प्रो. वासुदेव मल्होत्रा ने किया।सत्र को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों को महामारी के कारण बदलते औद्योगिक वातावरण तथा नई तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने छात्रों की रोजगार क्षमता में सुधार के लिए ऐसे आयोजनों के महत्व पर भी प्रकाश डाला और मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा की गई पहल की सराहना की।

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 27.06.2021**

**HINDUSTAN**

# परीक्षा सुधारों को लेकर चर्चा हुई

**फरीदाबाद।** जेसी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में परीक्षा प्रणाली में गुणात्मक सुधारों को लेकर शिक्षकों तथा कर्मचारियों के लिए दो दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें 120 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

कुलपति ने कहा कि परीक्षा के माध्यम से मूल्यांकन, ग्रेडिंग और प्रमाणन प्रणाली छात्रों को सीखने के पथ पर आगे बढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्रौद्योगिकीय उन्नति और जरूरतों के साथ आगे बढ़ने के लिए उच्च शिक्षण संस्थाओं द्वारा इंजीनियरिंग सहित विभिन्न विषयों के लिए कई सुधारों का सुझाव दिया। चर्चा में कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग और परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजीव कुमार शामिल रहे।

**NEWS CLIPPING: 27.06.2021**

**AMAR UJALA**

# जेसी बोस विवि में परीक्षा सुधारों पर चर्चा

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विवि में परीक्षा शाखा द्वारा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के सहयोग से दो दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें परीक्षा प्रणाली में गुणात्मक सुधारों को लेकर शिक्षकों और कर्मचारियों सहित 120 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

कार्यशाला का उद्घाटन कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग और परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजीव कुमार भी उपस्थित थे। कार्यशाला का संचालन सहायक कुलसचिव सचिन गुप्ता और सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रीति सेठी द्वारा किया गया। इस दौरान परीक्षा के दौरान किए जाने जाने वाले सुधारों पर सभी ने अपने विचार व्यक्त किए। संवाद

**NEWS CLIPPING: 27.06.2021**

**AMAR UJALA**

# जेसी बोस विवि में एचआर कॉन्क्लेव

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विवि के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा एक दिवसीय एचआर कॉन्क्लेव का शुक्रवार को आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस मौके कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष राज कुमार भी उपस्थित थे। कुलपति दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों को महामारी के कारण बदलते औद्योगिक वातावरण तथा नई तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। ब्यूरो